डॉ. किरोड़ी लाल मीणा
मंत्री

सत्यमेव जयते

कृषि एवं उद्यानिकी, ग्रामीण विकास
आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा
जन अभियोग निराकरण विभाग
राजस्थान सरकार

क्रमांकःमंत्री / कृषि.उ. / ग्रावि. / आ.प्र.स.ना.सु. / ज.अ.नि. / 2026 / R-792
जयपुर, दिनांकः– 18/06/2026

महानिदेशक,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,
राजस्थान, जयपुर।

विषयः– ACB जनता के सामने नकली बीज घूस कांड में मेरे ऊपर लगाये गये आरोपों के बारे में वस्तु स्थिति स्पष्ट करें, नहीं तो लगाये गये मनगढंत आरोपों में मुझे गिरफ्तार करने की कार्यवाही करें।

उपरोक्त विषयान्तर्गत कृपया दिनांक 10.06.2026 के दैनिक भास्कर अखबार के समाचार को पढें(जो अवलोकनार्थ सलंग्न है) **''जिसमें FIR में सतीश कुमार का नाम, डॉक्टर, मंत्री का जिक्र भी, जुगल ने कहा–अफसर ने 20 लाख रखे''।** इसको लेकर प्रतिपक्ष के लोगों ने मुझ पर मनगढंत आरोप लगाये जिसमें PCC Chief श्री गोविन्द डोटासरा ने सीकर में कृषि विभाग के व्यक्ति द्वारा मेरे नाम से 20–20 लाख रू0 लेने, छापेमारी की आड में राशि एकत्रिक करने, पहले छापा फिर सैटिंग आदि बयान दिये तथा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने नकली बीज घूस कांड में मंत्री की भूमिका की जांच करने की मांग की। प्रतिपक्ष के नेता श्री टीकाराम जूली, श्री हरीश चौधरी सहित अन्य लोगों ने मुझ पर सीधा निशाना साधते हुए पूरे मामले में मेरी मिलीभगत होने के आरोप लगाये। **ACB द्वारा दिनांक 9.06.2026 को दोपहर 1:30 बजे ACB की Website पर FIR अपलोड की गई जबकि एक FIR के तथ्य पहले ही सामने आने लग गये थे। जिसकी पूरी जांच किया जाना आवश्यक है कि यह जानकारी**

कमरा नं. 6116, मंत्रालय भवन, शासन सचिवालय, जयपुर फोन (ऑफिस): 0141–2227125
E-mail : mini.agr.drklmeena@rajasthan.gov.in

कहां से लीक हुई एवं इसे किसने वायरल किया। ACB के इतिहास में ऐसा आज तक नहीं हुआ वायरल किये गये तथ्यों का मजमून आपके अवलोकनार्थ सलंग्न है, मुझे पुरा शक है कि ACB नें किसी दबाव में यह गैर कानूनी कार्य किया तथा षडयंत्र रचकर मेरे जैसे आदमी को बदनाम करने का कार्य किया। यह मजमून दिनांक 10.06.2026 को दैनिक भास्कर सहित अन्य अखबारों में छपा तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भी चला, उस मजमून की FIR N0 155/2026, **दिनांक 08.06.2026 को पुलिस थाना CPS जयपुर में अंतर्गत धारा 7,7ए,8,12 तथा 61(2) समय 23:18 बजे Back Date में दर्ज की गई यानि FIR दर्ज होने से पहले मजमून को ACB द्वारा एक रणनीति के तहत Viral किया गया (मजमून एवं FIR की प्रति सलंग्न है)।**

मैं चाहता हूँ कि जनता को जानकारी दी जाये कि यह डॉक्टर कौन है, तथा मंत्री कौन है। आप जानते है कि मैं डॉक्टर भी हूँ और मंत्री भी हूँ, इससे आमजन में मेरे बारे में संशय बना हुआ है, यह गलत धारणा बनी है कि मैं इस प्रकरण में शामिल हूं। जिससे मेरी छवि पर भारी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। मेरा आग्रह है कि यह स्पष्टता मीडिया के जरिए जनता के बीच में रखी जानी चाहिए। अगर किन्ही कारणों से ऐसा किया जाना संभव नहीं हो तो कृपया मुझे गिरफ्तार कर लें मै गिरफ्तारी देने के लिए तैयार हूं।

- डोटासरा का यह कहना कि सीकर से पैसे एकत्रित हुए है तथा मंत्री की लिप्तता इसमें है, उनसे मेरी लिप्तता के बारे में सबूत मांगे जाये, अगर वो सबूत नहीं देते हैं तो स्पष्ट करें मैं उनके विरूद्ध मान हानि का मुकदमा चलाऊंगा।

- गहलोत साहब का यह कहना है कि नकली बीज घूस कांड में मंत्री तक की भूमिका की जांच हो इसलिए इस दृष्टि से यह बहुत महत्त्वपूर्ण है। आप स्पष्ट करें कि मेरी संलिप्तता है या नही।
- मेरी पीड़ा है कि पिछली कांग्रेस सरकार के पांच साल में हुए भारी भ्रष्टाचार के संबंध में मेरे द्वारा DOIT, JJM, Food Department आदि के ढेरों मामले ACB को भेजे गये थे मगर अधिकारियों ने उन पर आज तक कोई उल्लेखित कार्यवाही नहीं की है।

मुझे ऐसा लग रहा है कि ACB किसी दबाव में काम कर मुझे बदनाम करने का काम कर रही है और इस मामले में ACB एक Political Weapon की तरह कार्य कर रही है। दैनिक भास्कर में भी दिनांक 10.06.2026 को खबर छपवाई गई थी वह भी मेरी छवि को बिगाडने का कुत्सित प्रयास था एवं यह एक बड़ा षड़यंत्र है और ACB भी इस षडयंत्र में शामिल लगती है। आप ACB के मुखिया हैं कृपया ध्यान रखें **"लक्ष्मण रेखा"** पार नहीं की जाये तो ठीक रहेगा।

अतः उक्त सम्बन्ध में वस्तु स्थिति जनता के सामने लाई जाये, यदि नही तो मैं अपने आप को गिरफ्तारी के लिए प्रस्तुत करता हूं, कृपया मुझे गिरफ्तार करें।

19/6

(डॉ. किरोड़ी लाल)